बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक : 128 दिनांक 13/10/2008

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(M) 9939469410
(R) 0612-2526123

+ + +

उपाध्यक्ष
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(O) 9334387630
(F) 0612-2504498
(R) 0612-2288139

* अखलाक अहमद
(M) 9934280177
(O) 0612-2219693

+ + +

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(O) 9431818484

+ + +

संयुक्त सचिव
* राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157
(O) 9431818010

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+ + +

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+ + +

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901
(O) 9334387555

सेवा में,

अध्यक्ष/सचिव
सभी जिला इकाई

विषयः–संघ द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के कर्मठ पदाधिकारी श्री अरविन्द कुमार मिश्र एवं श्री मंजूर आलम की कर्तव्य पर नृशंस हत्या हो जाने के कारण संघ द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि संघ के सभी सदस्य दिवंगत पदाधिकारियों के परिवार के प्रति अपनी एकजुटता दिखाने एवं अपना सहयोग देने के लिए रू0 1000/– प्रति परिवार का योगदान करेंगे। कुछ सदस्यों द्वारा अपनी सहयोग राशि जमा करा दी गयी है परन्तु अभी भी कई सदस्यों से सहयोग राशि प्राप्त नहीं हुयी है। अतः जिन सदस्यों द्वारा अभी तक राशि नहीं जमा करायी गयी है उनसे अनुरोध हे कि अविलम्ब इसे संघ मुख्यालय में जमा करा दें अथवा संघ के **खाता सं0 2910000100030507, पंजाब नेशनल बैंक, बोरिंग रोड, पटना** में राशि जमा कर मुख्यालय को सूचित करें। सभी जिला इकाई के अध्यक्ष एवं सचिव से अनुरोध है कि इस कार्य में व्यक्तिगत अभिरूचि लेकर वांछित राशि एकत्र करने के संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

2. विगत माह में कोसी एवं पुर्णियाँ प्रमंडल में आयी बाढ़ की विभिषिका से निपटने हेतु सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों में अपना योगदान करने हेतु बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के सभी पदाधिकारियों को अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करने का अनुरोध किया गया था। कई जिला इकाईयों से अभी तक वांछित राशि जमा कराने की सूचना प्राप्त नहीं हुयी है।

   अतः सभी जिला इकाई के अध्यक्ष एवं सचिव से अनुरोध है कि जिन सदस्यों द्वारा अभी तक अपनी सहयोग राशि नहीं भेजी गयी है उनसे इसे एकत्रित कर जिला इकाई की तरफ से **(खाता सं0 2910000100030516** में) संघ मुख्यालय में जमा करना सुनिश्चित किया जाय।

3. गृह विभाग के पत्रांक 8117 दिनांक 01 अगस्त 2008 के द्वारा प्रधान सचिव, गृह विभाग ने सभी प्रखंड/अंचलों में Regular Police Force को अंचल गार्ड के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी के अधीन अविलम्ब पदस्थापित करने का निर्देश दिया है। कई अंचलों से ऐसी सूचना प्राप्त हुयी है कि उक्त निर्देश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

   अतः सभी जिला इकाई के अध्यक्ष एवं सचिव से अनुरोध है कि वे इस उक्त निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई की जाय। अनुपालन संबंधित प्रतिवेदन केन्द्रिय इकाई को भेजी जाय।

4. सभी अध्यक्ष/सचिवों से यह भी अनुरोध है कि अपने जिलान्तर्गत बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी पदस्थापित पदाधिकारियों का नाम, पदनाम, स्थायी पता एवं फोन नम्बर (निजी एवं सरकारी) की सूची बनाकर संघ मुख्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा करें ताकि संघ अपने सभी सदस्यों के साथ बेहतर सामंजन एवं संवाद स्थापित कर सके।

विश्वासभाजन

Sushil 13/10/08

(सुशील कुमार)
महासचिव,

C:\Documents and Settings\com\Desktop\BASA\Chief Secretary 10-09-08.doc